श्याम दाता मुझे तूने दी ज़िन्दगी | Akash Gupta (Golu) |

श्याम दाता मुझे तूने दी ज़िन्दगी
कैसे तेरा भजन गुण कथन छोड़ दूँ
जिनकी छाँव तले मिटे गम की तपन
फिर मैं कैसे तेरे ये चरण छोड़ दू

दर्द का आइना थी मेरी ज़िन्दगी
कर सका ना कभी मैं तेरी बंदगी
मैं तेरी बंदगी .....
रहम तुमने किया तुख मेरा हर लिया
कैसे तेरे मिलान की लगन छोड़ दूँ

आज तेरे करम से मेरी शान है
तेरे दर से बनी मेरी पहचान है
मेरी पहचान है.....
जिससे दौलत मिली, इतनी शोहरत मिली
कैसे पावन तेरा वो सदन छोड़ दूँ

हर खता पे किया माफ़ तूने मुझे
तेरे एहसान का मोल क्या दूँ तुझे
मोल क्या दूँ तुझे.....
तू है स्वामी मेरा दास मैं हूँ तेरा
कैसे तेरे पदों में नमन छोड़ दूँ

क्या मिलेगा मुझे झूठे संसार से
ये मुकद्दर बंधा है तेरे द्वार से
है तेरे द्वार से .....
जो भी मांगू वही मुझे मिलता यहाँ
फिर गजेसिंह क्यूँ ये रतन छोड़ दूँ

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%a4%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%81%e0%a4%9d%e0%a5%87-%e0%a4%a4%e0%a5%82%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a5%80-%e0%a4%9c%e0%a4%bc/